2 दिसंबर 2025
मंगलवार

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




अतिक्रमण हटाओ अभियान बना विवाद का मैदान नगर परिषद टीम पर पक्षपात और बर्बरता के आरोप 2



## चक्रवात दित्वाह की तबाही पर पीएम मोदी ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति से की बात

### हर संभव मदद का दिया भरोसा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चक्रवात दित्वाह से श्रीलंका में हुई तबाही के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसनायके से फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने बड़ी संख्या में जान-माल के नुकसान पर गहरा शोक जताया और कहा कि भारत इस मुश्किल समय में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने साफ किया कि संकट की इस घड़ी में भारत हर संभव मदद देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत की ओर से श्रीलंका के लिए भेजी गई राहत सामग्री और बचाव दल मौके पर काम कर रहे हैं। यह सहायता भारत की मानवीय प्रतिबद्धता और पहला प्रतिक्रिया देने वाले देश की भूमिका को मजबूत करती है। मोदी ने राष्ट्रपति दिसनायके को आश्वस्त



किया कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका की जरूरतों के मुताबिक राहत, बचाव और मानवीय सहायता लगातार भेजी जाती रहेगी।राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि श्रीलंका के प्रभावित इलाकों में भारत की त्वरित मदद से राहत कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय बचाव दलों की समय पर तैनाती और भेजी गई सामग्रियों ने कई क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने भारत के इस कदम को दोस्ती और भरोसे की मिसाल बताया। श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह के बाद कई इलाकों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश, तेज हवा और समुद्र में आए उफान के कारण हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा। भारत द्वारा भेजे गए राहत दलों ने प्रभावित तटीय इलाकों में तुरंत काम शुरू किया और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला। राहत सामग्री में दवाएं, भोजन, पानी और अस्थायी आश्रय बनाने के सामान शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति दिसनायके को भरोसा दिलाया कि भारत अपने विजन महासागर के तहत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग और मानवीय सहायता को सबसे ऊपर रखता है। इसी दृष्टिकोण के तहत भारत हमेशा से प्राकृतिक आपदाओं में श्रीलंका का पहला सहयोगी रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि श्रीलंका के पुनर्वास, सार्वजनिक सेवाओं की बहाली और आजीविका को वापस पटरी पर लाने की प्रक्रिया में भी भारत व्यापक मदद देगा।

### श्रीलंका में राहत मिशन तेज

भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को लगातार सहायता प्रदान कर रहा है और संकट में फंसे लोगों के लिए बचाव व राहत कार्य आगे भी जारी रहेंगे। आने वाले दिनों में भी हर तरह की आवश्यक मदद पहुंचाएगा। इसमें पुनर्वास कार्यों में सहयोग, सार्वजनिक सेवाओं की बहाली और प्रभावित क्षेत्रों में आजीविका को वापस पटरी पर लाने में सहायता शामिल होगी।

## आयोग के सूत्र का दावा : बंगाल में 1 दिसंबर तक 2208 मतदान केंद्रों पर नहीं मिले मृत या नकली मतदाता

**एजेंसी। कोलकाता**


चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के 2208 मतदान केंद्रों से सोमवार तक भरे गए सभी गणना फॉर्म वापस कर दिए गए। इसका अर्थ है कि इनमें से किसी भी मतदान केंद्र पर एक भी मृत, नकली या लापता मतदाता नहीं है। सूत्रों ने बताया कि ऐसे मतदान केंद्रों में सबसे अधिक 760 दक्षिण 24 परगना जिले में हैं, इसके बाद पुरुलिया में 228 और मुर्शिदाबाद में 226 मतदाता हैं। हावड़ा जिले में ऐसे 94 और कोलकाता में एक मतदान केंद्र है। पश्चिम बंगाल में वर्तमान में 294 विधानसभा क्षेत्रों में 78,000 से अधिक मतदान केंद्र हैं।चुनाव आयोग




के सूत्र ने कहा, हमने इन जिलों और क्षेत्रों के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। इन मतदान केंद्रों पर किसी मृत मतदाता के न होने के अलावा कोई भी डुप्लीकेट मतदाता या लापता मतदाता नहीं है। उन्होंने कहा कि इन मतदान केंद्रों पर भी नजर रखी जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के 27वें दिन, सोमवार दोपहर तक 7,65,62,486 फॉर्म वितरित किए गए। यह कुल मतदाताओं का 99.90 फीसदी है।चुनाव ने कहा कि आज तक कुल 7,38,57,023 गिनती के फॉर्म डिजिटली अपलोड किए गए, जो बीएलओ द्वारा बांटे और इकट्ठा किए गए कुल फॉर्म का 96.37 फीसदी है। रविवार को जारी एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि गिनती के फॉर्म बांटने का काम अब 4 दिसंबर के बजाय 11 दिसंबर तक चलेगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची अब 9 दिसंबर के बजाय 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी, जबकि फाइनल वोटर लिस्ट 7 फरवरी के बजाय 14 फरवरी, 2026 को जारी होगी।

### पीएम मोदी ने विपक्ष के लिए जमकर मजे, बोले-

# जो ड्रामा करना चाहता है, कर सकता है, यहां नारों पर नहीं, पॉलिसी पर जोर होना चाहिए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा के शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी ने विपक्ष के नेताओं को हार की निराशा से बाहर आने की सलाह दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "जो कोई भी ड्रामा करना चाहता है, वह कर सकता है। यहां ड्रामा नहीं, बल्कि डिलीवरी होनी चाहिए। नारों पर नहीं, पॉलिसी पर जोर होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि यह सत्र देश की प्रगति के लिए है। इसे हार की भड़ास निकालने का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए।शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले संसद भवन में पीएम मोदी ने कहा कि यह सत्र राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने के प्रयासों में ऊर्जा भरने का काम करेगा। भारत ने लोकतंत्र को जीया है। समय-समय पर लोकतंत्र को ऐसे प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। बिहार चुनाव में भी मतदान का प्रतिशत लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने कहा, एक तरफ लोकतंत्र की मजबूती और एक तरफ अर्थ तंत्र की मजबूती, जिसे दुनिया बारीकी से देख रही है। भारत ने सिद्ध कर दिया है कि डेमोक्रेसी कैन डिलीवर। जिस गति से भारत की आर्थिक गति नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है, वो विकसित भारत के लक्ष्य की ओर जाने में हमें नई ताकत देती है। विपक्ष अपना दायित्व निभाएं, ऐसे मजबूत मुद्दे उठाए। पराजय की निराशा से बाहर आए। कुछ दल पराजय ही नहीं पचा पा रहे। मेरा आग्रह है कि शीतकालीन सत्र में पराजय का मैदान नहीं बनने देना है और विजय का अहंकार भी नहीं बनने देना है। जनप्रतिनिधि के रूप में यहां अपने मुद्दों को रखना है।पीएम मोदी ने कहा, सदन में जो पहली बार चुन के आए हैं या जो छोटी आयु के हैं, ऐसे सभी दलों के सांसद बहुत परेशान हैं, दुखी हैं। उन्हें अपने सामर्थ्य का परिचय कराने का अवसर नहीं मिल रहा है, अपने क्षेत्र की समस्या बताने का अवसर नहीं मिल रहा है, कोई भी दल हो हमें किसी को भी हमारी नई पीढ़ी के नौजवान सांसदों को अवसर देना चाहिए। उनके अनुभवों का सदन को लाभ मिलना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, जीएसटी रिफॉर्म, देशवासियों के मन में एक श्रद्धा का वातावरण पैदा किया है। इस सत्र में भी उस दिशा में कई काम होने हैं। विपक्ष के लोग जनता के बीच जाकर अपनी बात नहीं बता पा रहे हैं और ये सारा गुस्सा सदन में निकाल रहे हैं। कुछ दलों ने नई परम्परा को जन्म दिया है। उन्हें चिंतन करना चाहिए कि अपनी रणनीति बदलें, मैं टिप्स देने को तैयार हूं।

## दिल्ली ब्लास्ट, कश्मीर-लखनऊ में 8 जगहों पर एनआईए की रेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक टीमें ऐसे सबूतों की तलाश कर रही हैं जो व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। तलाशियों में नए सबूत मिले या नहीं इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर की शाम 6:52 बजे सफेद रंग की हुंडई कार में धमाका हुआ था। ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी। कार को आतंकी डॉ. उमर चला रहा था। एकार ब्लास्ट में अब तक एनआईए ने मौलवी इरफान, डॉ. आदिल, जसीर बिलाल समेत 7 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं। धमाके में खुद को उड़ाने वाला डॉ. उमर भी पुलवामा का रहने वाला था।

## महाराष्ट्र में पहले चरण की वोटिंग आज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की पहली बड़ी परीक्षा दो दिसंबर को होने जा रही है। इसमें पूरे राज्य की नजर महायुति और महा विकास आघाड़ी की सीधी राजनीतिक भिड़ंत पर टिकी है। 264 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में होने वाली वोटिंग को विधानसभा चुनावों के बाद जनता के मूड का अगला बड़ा संकेतक माना जा रहा है। लगभग एक वर्ष से लटके हुए इन चुनावों को लेकर राजनीतिक तापमान तेज है और दोनों गठबंधन पूरे दम-खम के साथ मैदान में हैं।पहले चरण में करीब एक करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। 2 दिसंबर को होने वाली यह वोटिंग 6,705 सदस्य पदों और 264 अध्यक्ष पदों का भविष्य तय करेगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से होगी और नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। हालांकि 24 स्थानीय निकायों में चुनाव स्थगित कर 20 दिसंबर को कराए जाएंगे, क्योंकि नामांकन की जांच में अनियमितताएं, अपीलों पर देर से आए निर्णय और चुनाव चिह्न आवंटन में खामियों के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने इन्हें रोक दिया। कई मामलों में उम्मीदवारों को नाम वापस लेने के लिए तय तीन दिन का समय भी नहीं मिला, जिसे आयोग ने नियमों के खिलाफ माना। यह चुनाव भाजपा नेतृत्व वाली महायुति जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं और विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा मानी जा रही है। विधानसभा चुनावों में महायुति की 235 सीटों की ऐतिहासिक जीत के बाद अब यह वोटिंग बताएगी कि क्या वही लहर स्थानीय निकायों में भी कायम रहती है, या फिर विपक्ष ग्रामीण और शहरी स्तर पर वापसी का संकेत दे पाता है। भाजपा ने तो 100 पार्षद और तीन नगराध्यक्ष पद बिना मुकाबले जीत भी लिए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश : राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें

## सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की करेगी जांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को



पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए अक और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे 'आयरन हैंड' से निपटने लायक गंभीर 'राष्ट्रीय समस्या' बताया था। दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई थी।







# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु बक्सर की अंडर-14 और अंडर-17 टीम रवाना

- रजिला पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को किट प्रदान कर बढ़ाया उत्साह, 2 से 4 दिसंबर तक रोहतास में होगा मुकाबला




**केटी न्यूज/बक्सर**

खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विद्यालय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बक्सर जिला की अंडर-14 एवं अंडर-17 बालक टीमों को सोमवार को विधिवत रूप से रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता रोहतास जिला में 2 दिसंबर से 4 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेंगी। रवाना होने से पूर्व बक्सर जिलाधिकारी डॉ. विद्यानन्द सिंह, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विनीत कुमार, वरीय उपसमाहर्ता रवि बहादुर तथा वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा आलोक नारायण वत्स द्वारा खिलाड़ियों को किट प्रदान की गई। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करें। इसके उपरांत सभी खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया गया। अंडर-14 बालक टीम में बक्सर के कैम्ब्रिज स्कूल से प्रियाशु मिश्रा, अंश सिंह और ऋषि राज साह का चयन किया गया है। वहीं फाउंडेशन स्कूल, बक्सर से अमृत राज, अतुल्य कुमार सिंह, ईशान पांडेय और आस्तिक कुमार पांडेय टीम में शामिल किए गए हैं। युवा खिलाड़ियों में जोश और उमंग साफ देखने को मिला, विशेषकर पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में उत्साह चरम पर था।

इसी प्रकार अंडर-17 बालक टीम के लिए फाउंडेशन स्कूल, बक्सर से अभिषेक कुमार, उत्कर्ष सिंह, आयुष कुमार, सच्चिदानंद पांडेय और रवि कुमार का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त उच्च विद्यालय खंडरीचा के अभिषेक यादव भी टीम में शामिल हैं। प्रशिक्षकों और खेल विभाग के अनुसार दोनों टीमों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसके आधार पर इनका चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रशाखा पदाधिकारी कन्हैया, कार्यपालक सहायक मदन, संजय कुमार, राकेश रंजन उपाध्याय, अश्वनी राय, वशिष्ठ प्रसाद तथा त्रिलोकीनाथ तिवारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाता है, जिसे जीवन के हर क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। बक्सर जिला खेल प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि खिलाड़ियों को यात्रा एवं प्रतियोगिता के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के रहने और सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था की गई है। जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं खेल विभाग लगातार प्रयासरत है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने को लेकर बक्सर की दोनों टीमों में गजब का उत्साह है। खिलाड़ियों ने भी जिले के नाम और सम्मान के लिए पूरी क्षमता के साथ खेल प्रस्तुत करने की प्रतिबद्धता जताई।

## मद्य निषेध टीम की तत्परता से शराब छोड़ भागे तस्कर, एक बैग शराब बरामद, तस्करों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने में जुटी पुलिस

# कुशलपुर हॉल्ट मद्य निषेध टीम पर शराब तस्करों ने किया हमला



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में सोमवार की सुबह कुशलपुर हॉल्ट उस समय रणक्षेत्र में बदल गया, जब मद्य निषेध की टीम पर शराब तस्करों ने अचानक पथराव कर दिया। करीब 6 बजे हुई इस घटना ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। हालांकि, हमले में कोई जख्मी नहीं हुआ है। जबकि तस्कर अफरातफरी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

घटना की शुरूआत एक गुप्त सूचना से हुई थी। डुमरांव मद्य निषेध थाना को जानकारी मिली थी कि डाउन संघमित्रा एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना पुख्ता होने पर टीम सुबह-सवेरे ही कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट के पास पहुंच गई। उसी समय ट्रेन में कथित रूप से चेन पुलिंग कर शराब से भरे बैग नीचे उतारे जा रहे थे। जैसे ही टीम ने तस्करों को घेरने की कोशिश की, अचानक तस्करों ने पुलिस टीम पर रेलवे लाईन के किनारे पड़े पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हमला होने से मद्य निषेध की टीम कुछ पल के लिए पीछे हट गई, इस दौरान मौके का फायदा उठा तस्कर भाग खड़े हुए। मौके पर टीम को एक बैग शराब मिला है। हालांकि उसमें कितनी मात्रा में शराब है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि टीम पूरी तरह सुरक्षित है और तस्करों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी और स्थानीय दोनों स्तरों पर छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आसपास के पूरे इलाके में निगरानी कड़ी कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, यह हमला सिर्फ पथराव नहीं बल्कि संगठित तस्करी नेटवर्क के बौखलाहट भरे प्रतिक्रिया की ओर इशारा करता है। शराबबंदी के बाद तस्कर लगातार नए तरीके अपनाकर शराब की आपूर्ति कर रहे हैं और चेन पुलिंग कर ट्रेन से माल उतारने की यह रणनीति काफी समय से विभाग की निगरानी में थी। फिलहाल पुलिस फरार तस्करों की तलाश में विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उत्पाद टीम का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह का पदार्फाश कर लिया जाएगा। घटना के बाद आसपास के रेलवे हॉल्टों और स्टेशनों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## सीमा पार से चल रहा था शराब का खेल, राजपुर पुलिस ने 889 लीटर विदेशी शराब किया जब्त

**केटी न्यूज/राजपुर**



राजपुर थाना पुलिस ने सोमवार को चौसा–कोचस मुख्य मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय शराब तस्करी का बड़ा खेल उजागर किया। पुलिस ने दो लग्जरी गाड़ियों से कुल 889.9 लीटर विदेशी शराब बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लाखों में आंकी जा रही है। कार्रवाई के दौरान दोनों गाड़ियों के चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।सूत्रों के अनुसार, शराब तस्कर उत्तर प्रदेश की सीमा से लग्जरी कारों में बड़े पैमाने पर विदेशी शराब लेकर बिहार में दाखिल हो रहे थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हाईवे से दो संदिग्ध वाहन भारी मात्रा में शराब लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष निवास कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और इलाके में घेराबंदी शुरू की गई। पुलिस की सक्रियता देख तस्करों को भनक लग गई। पहली गाड़ी सरेंजा गांव के पास पुलिस को देखते ही सड़क किनारे छोड़ दी गई और चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। दूसरी गाड़ी के चालक ने तेजी से भागने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में जा फंसा। चालक मौके से भाग निकला। दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर जब पुलिस ने जांच की तो कारों में कई पेटियों में पैक विदेशी शराब मिली। कागजी प्रक्रिया के बाद कुल मात्रा 889.9 लीटर दर्ज की गई। पुलिस ने शराब और दोनों लग्जरी गाड़ियों को जब्त कर थाने में सुरक्षित रख दिया है।उइस अभियान में अपर थानाध्यक्ष शिव कुमार मंडल, एसआई सुभाष कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल थे। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने कहा कि शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया जा रहा है और फरार तस्करों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## शादी समारोह में हंगामा फैलाने पहुंचा युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में रविवार की रात बड़ा हंगामा उस समय टल गया, जब पुलिस ने समय रहते एक हथियारबंद युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना करीब 2 बजे की है। शादी के दौरान एक युवक द्वारा देशी कट्टा लहराने और लोगों को धमकाने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम तत्परता से मौके पर पहुंची और बिना देर किए छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बल ने उसे भागने का कोई मौका नहीं दिया और घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निमेज गांव निवासी 24 वर्षीय नितीश कुमार, पिता प्रेमचन्द्र ठाकुर के रूप में हुई है। मौके पर ही की गई तलाशी में उसकी कमर में पहनी सफेद फुलपैंट से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। वहीं पैंट की जेब से वीवो कंपनी का नीले रंग का एंड्रॉयड मोबाइल फोन मिला। कट्टे की जांच के दौरान बैरल से एक पितल का जिंदा कारतूस भी निकाला गया। पुलिस के अनुसार युवक समारोह में मौजूद लोगों के बीच अनावश्यक दहशत फैलाने की नीयत से हथियार लहराता दिखा था, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया था। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके की नजाकत को देखते हुए पूरी चाक-चौबंदी के साथ कार्रवाई की और स्थिति बिगड़ने से पहले ही उसे पकड़ लिया। पुलिस ने हथियार और मोबाइल जब्त करते हुए आरोपी से पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के इस कृत्य से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी, जिसको देखते हुए उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नितीश कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि ऐसे आयोजनों में शांति बनाए रखने के लिए आगे भी कड़ी निगरानी जारी रहेगी।

कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ० वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ० अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः- सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव

## जिला स्तरीय मुशायरा, सेमिनार व कार्यशालाओं के लिए रचनाएं आमंत्रित

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला उर्दू भाषा कोषांग, बक्सर के प्रभारी पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु इस वर्ष मुशायरा, विचार-गोष्ठी, कार्यशाला और वाद-विवाद जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विगत वर्षों में आयोजित आयोजनों की सफलता को देखते हुए इस बार प्रतिभागियों का दायरा और व्यापक करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिकतम स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके। कोषांग द्वारा जिले के उभरते और स्थापित शायरों, कवियों, लेखकों, विद्वानों, विद्यार्थियों तथा सांस्कृतिक कार्यकताओं से उनकी मौलिक रचनाएं, गजल, नज्म, कविता, आलेख और शोध सामग्री, आमंत्रित की गई हैं। इन रचनाओं का चयन कर प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा। शायर/कवि, वे स्थानीय या नए रचनाकार जो मुशायरा में अपनी गजल, नज्म अथवा अन्य काव्य-पाठ प्रस्तुत करना चाहते हों। लेखक/विद्वान, उर्दू भाषा एवं साहित्य या सामाजिक मुद्दों, जैसे नशामुक्ति, दहेज उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर शोधपत्र, आलेख या भाषण देने वाले शिक्षाविद एवं लेखक। विद्यार्थी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जिन्हें भाषण, गजल-पाठ, नज्म या साहित्यिक गतिविधियों में रुचि हो। इस पहल का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उर्दू भाषा-साहित्य के संवर्धन को सुदृढ़ मंच प्रदान करना है। इच्छुक व्यक्ति जिला उर्दू भाषा कोशांग, समाहरणालय बक्सर में संपर्क कर सकते हैं अथवा अपनी सामग्री कार्यालय के ईमेल पर भेज सकते हैं।

## पंचायत समिति बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने किया। बैठक की शुरूआत में बीडीओ ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत करते हुए सरकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुँचे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय अनिवार्य है।बैठक में मनरेगा, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजदूरों का केवाईसी अपडेट कराने पर जोर दिया गया।

**इंदिरा आवास में अनियमितता का आरोप**

कतिकनार पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बैठक में आरोप लगाया कि इंदिरा आवास सहायक राजीव कुमार जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर बिचौलियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस पर बीडीओ ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही।बैठक में तीनों पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही राशन कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को और तेज करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एनएच-120 बना हादसों का हॉटस्पॉट, डुमरांव में सड़क टूटने से बेकाबू हुई दुर्घटनाएं, लोगों में फूटा गुस्सा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर के बीचों-बीच होकर गुजरने वाला एनएच-120 इन दिनों जानलेवा मार्ग बन चुका है। सड़क पर उभरे बड़े-बड़े गड्ढों ने यातायात को ऐसा संकट में डाला है कि हर दिन हादसे होना अब आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की यह हालत नई नहीं, बल्कि कई हफ्तों से लगातार बिगड़ती जा रही है। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर न तो मरम्मत की पहल हो रही है और न ही कोई अधिकारी मौके पर स्थिति का जायजा लेने पहुंच रहा है।

रविवार की रात एनएच-120 पर गंभीर हादसा उस समय हुआ जब रेलवे स्टेशन से शहर की ओर आ रहा एक ई-रिक्शा अचानक गड्ढे में फंस गया और असंतुलित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार चार यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। यह घटना अभी लोगों की यादों से धुंधली भी नहीं हुई थी कि सोमवार की सुबह फिर एक दुर्गटना सामने आ गई। सामान से लदी एक जुगाड़ गाड़ी गहरे गड्ढे में चक्का फिसलने से पलट गई। चालक को चोटें आईं और सामान सड़क पर बिखर गया।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि एनएच-120 पर गड्ढों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि सड़क और गड्ढे में फर्क करना मुश्किल हो गया है। छोटे वाहनों, ई-रिक्शा और बाइक चालकों के लिए यह मार्ग अब जोखिम भरा बन चुका है। स्कूली बच्चों के रोजाना इसी रास्ते से गुजरने के कारण अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि कई बार हादसे के बाद भी विभाग की चुप्पी समझ से परे है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आ सकती है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर सड़क सुधार का ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि रोजाना होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

# नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, बुलडोजर ऐक्शन से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

- **तीन दिन चलेगा अभियान, पहले दिन स्टेशन रोड, गोला रोड, चौक रोड, छठिया पोखरा इलाके में पहुंची टीम**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद ने सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया। यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा। पहले दिन स्टेशन रोड, चौक रोड, गोला रोड, छठिया पोखरा आदि इलाकों में जेसीबी के सहारे सड़क किनारे के चाट का अतिक्रमण कर सीढ़ी या शेड डालने वाले दुकानदारों के अवैध निर्माण को तोड़ा गया।



अतिक्रमण हटाने का नेतृत्व नगर परिषद के प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राजीव कुमार व डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस टीम व दंगा निरोधी दस्ता को तैनात किया गया था, लेकिन छिटपुट घटनाओं को छोड़ प्रशासन को अतिक्रमण हटवाने में विशेष मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

अभियान की शुरूआत स्टेशन रोड में हरिजी के हाता से कुछ आगे से हुआ। स्टेशन रोड में अतिक्रमण हटाने के बाद टीम गोला रोड पहुंची। यहां, सबसे गंभीर अतिक्रमण का नजारा था। जैसे ही जेसीबी के सहारे उनके अतिक्रमण को हटाया गया, अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक टीम की सख्ती देख कई दुकानदार अपने अस्थायी निर्माण जैसे शेड, सीढ़ी पर लगाए गए पत्थर, दुकानों के आगे लगे तिरपाल आदि को हटाने लगे। इस दौरान देर तक गोला रोड में अफरा तफरी का माहौल था।यही हाल चौक रोड तथा छठिया पोखरा रोड में भी देखने को मिला। इस दौरान कुछ लोगों ने नगर परिषद की इस कार्रवाई को भेदभावपूर्ण बताया और कहा कि नगर परिषद प्रशासन सुविधाएं तथा वेंडिंग जोन का निर्माण कराने के प्रति उदासीन बनी हुई है, जबकि अतिक्रमण हटाने में तत्पर है। हालांकि, भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी से लोग खुलकर इस अभियान का विरोध नहीं कर सके। नगर परिषद सूत्रों का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा पूरे नगर परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा।

बता दें कि इसके पहले नगर परिषद प्रशासन ने माइकिंग करा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी थी। बावजूद, अतिक्रमणकारियों ने नगर परिषद के इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया था। जबकि सोमवार को नगर परिषद की टीम अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूरे लाव-लश्कर के साथ पहुंची तथा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान की जोरदार शुरूआत की।

## पीड़ित बोला मेरा चबूतरा तोड़ा, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह का छोड़ दिया, विरोध करने पर की पिटाई

# अतिक्रमण हटाओ अभियान बना विवाद का मैदान

# नगर परिषद टीम पर पक्षपात और बर्बरता के आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में सोमवार को नगर परिषद की अतिक्रमण हटाओ मुहिम विवादों में घिर गई है। छठिया पोखरा के रहने वाले उमेश कुमार गुप्ता ने यह दावा किया है कि कार्रवाई का निशाना चुनिंदा रूप से सिर्फ उसे बनाया गया, जबकि ठीक बगल में नगर परिषद के ही प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह के घर का समान प्रकार का चबूतरा छोड़ दिया गया। इसी आरोप ने पूरे अभियान की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उमेश गुप्ता के मुताबिक, नगर परिषद की टीम उसके घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर बने चबूतरे को अतिक्रमण बताते हुए तोड़ने पहुंची। जब उसने यह पूछा कि नगर परिषद के प्रधान सहायक के घर के सामने बना चबूतरा क्यों नहीं हटाया जा रहा है, तो टीम के सदस्य भड़क उठे। उसके विरोध करने पर स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

पीड़ित का आरोप है कि परिषद कर्मियों, राजा खान, अनवर,





श्रीकांत ओझा, संजय कुमार सिंह और पंकज राय ने मिलकर उसे घेर लिया। आरोप है कि पंकज राय ने उसे पीछे से पकड़ लिया, जिसके बाद संजय कुमार सिंह ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग इकट्ठा तो हुए, लेकिन तब तक स्थिति बिगड़ चुकी थी।

उमेश गुप्ता ने यह भी कहा कि नगर परिषद की कार्रवाई मनमानी और चुनिंदा लोगों पर आधारित थी। उनके अनुसार, उनके घर का मुख्य प्रवेश टूट जाने से परिवार के आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने इसे सत्ता के दुरुपयोग का मामला बताया और कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निष्पक्षता से नहीं की गई।

मामले पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत प्राप्त हो गई है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और तथ्य सामने आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

नगर परिषद के अभियान पर लगे पक्षपात के आरोप के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अगर हो, तो एक समान मानकों के साथ हो, ना कि किसी खास को निशाना बनाकर।

इस मामले में जब ईओ राहुलधर दूबे से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाईल स्वीच ऑफ होने से संपर्क नहीं हो सका।

वहीं, डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। इधर उमेश गुप्ता के साथ मारपीट, बदसलूकी व अतिक्रमण हटाने पर भेदभाव को लेकर डुमरांव की शियासत गरमा गई है। जदयू नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मंगलवार को उनकी पूरी टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंच इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर ठोस कार्रवाई की मांग करेगी।

## एक नजर

### भोज खा लौट रहे युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में आपसी विवाद में भोज खा कर लौट रहे एक युवक को गोली मार दी गई है। गोली उसके कंधे के पास लगी है, गंभीर अवस्था में स्वजन उसका इलाज आरा के किसी निजी अस्पताल में कर रहे हैं। घटना रविवार मध्य रात्रि की है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस जांच पड़ताल तथा आरोपितों की धर पकड़ में जुट गई है। जख्मी युवक की पहचान पुराना भोजपुर निवासी योगेंद्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र शिवम यादव के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वह गांव में ही आई किसी बारात में शामिल होने गया था तथा भोज खाकर मध्य रात्रि वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही तीन-चार की संख्या में युवकों से उसका विवाद हो गया, इसी दौरान किसी ने उसे गोली मार दी है। आरोपित उसी गांव के रहने वाले है तथा जख्मी युवक ने उनकी शिनाख्त कर पुलिस को जानकारी दी है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जख्मी ने घटना में शामिल युवकों के नाम बताए हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि जख्मी का हालत खतरे से बाहर है।

### मठिला में भीषण अगलगी, बेटी की शादी से पहले उजड़ गया पूरा घर



**डुमरांव।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में बीती रात लगी भीषण आग ने एक परिवार की खुशियों को खाक कर दिया। दुर्गा उपाध्याय के घर में हुए अचानक शॉर्ट सर्किट से लगी आग देखते-ही-देखते इतनी भयावह हो गई कि कुछ ही मिनटों में पूरा घर राख में तब्दील हो गया। सबसे बड़ा दर्द यह कि फरवरी में होने वाली बेटी की शादी के लिए महीनों से जुटाया गया हर सामान भी राख हो गया। परिजनों के मुताबिक, देर रात सभी लोग गहरी नींद में थे तभी पड़ोसियों ने घर से उठता धुआं देखा और शोर मचाया। जब तक लोग बाहर निकले, आग पूरे घर में फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर आग को काबू में किया, लेकिन तब तक वह अपना विनाशकारी काम कर चुकी थी। शादी के लिए खरीदे गए कपड़े-गहने, बर्तन-फर्नीचर, घरेलू सामान और करीब 50 हजार रुपये नकद सबकुछ जलकर खत्म हो गया। अपनी जली दीवारों के सामने खड़े दुर्गा उपाध्याय की आंखों में बेबसी थी। उनका दर्द शब्दों में साफ झलक रहा था कि ḫबेटी की शादी के लिए बरसों से थोड़ा-थोड़ा करके जोड़ा था, एक रात में सब खत्म हो गया।ḫ परिवार पर आई यह त्रासदी सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक आघात भी है, क्योंकि तय तारीख पर अब शादी कराना संभव नहीं दिख रहा। घटना की जानकारी मिलते ही कोरान सराय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर गांव में घटना के बाद भारी संवेदना का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह महज आगलगी की घटना नहीं, बल्कि एक बेटी के सपनों और एक पिता की उम्रभर की पूंजी का खात्मा है। गांव वालों ने साफ कहा कि अगर समय पर सरकारी सहायता मिल जाए तो परिवार फिर से बेटी की शादी की तैयारी कर सकेगा। फिलहाल परिवार टूटे घर और टूटे सपनों के बीच सिर्फ प्रशासन की मदद का इंतजार कर रहा है।

# शादी में हर्ष फायरिंग से गई शिक्षक की जान
# समारोह में मचा हड़कंप, एक आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर/रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के थनुआ गांव में रविवार रात आयोजित एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग ने जान ले ली। जयमाल कार्यक्रम के दौरान चली गोली लगने से बक्सर जिले के चिलहर गांव निवासी शिक्षक नंदन कुमार सिंह (50) की मौत हो गई। गोली लगते ही अफरातफरी मच गई और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार नंदन कुमार सिंह अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान मंच के सामने कुछ युवकों ने पिस्तौल और अन्य हथियारों से लगातार फायरिंग



शुरू कर दी। तभी एक गोली सीधे नंदन कुमार सिंह के सीने में जा लगी। मृतक के भाई चंदन कुमार गौतम ने बताया कि अविनाश, अभिरंजन, रोहित सहित चार युवक हथियार लेकर जयमाल के समय फायरिंग करते देखे गए थे। नंदन कुमार सिंह वर्तमान में बिशनपुरा मध्य विद्यालय में शिक्षक थे और बक्सर नगर स्थित पांडेय पट्टी में परिवार के साथ रहते थे। दो छोटे बच्चों के पिता नंदन की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पैतृक गांव में भी मातमी सन्नाटा फैल गया है। घटना की सूचना पर शिवसागर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी। सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से पिस्टल भी बरामद हुई है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि शादी समारोह में हर्ष फायरिंग जैसी खतरनाक और गैरकानूनी गतिविधि में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# एटीएम लूट ने खोल दी सुरक्षा खामियों की पोल पुलिस तकनीकी सुरागों के सहारे अपराधियों के करीब

- **नकदी लोड होने के कुछ ही घंटों बाद गैस कटर से काटकर उड़ाए थे 30 लाख रुपये, जांच टीम हर फुटेज खंगालने में जुटी**

**केटी न्यूज/चौसा**

अखौरीपुर गोला स्थित एसबीआई एटीएम में शनिवार की रात हुई लाखों की लूटकांड ने चौसा नगर पंचायत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। घटना के दो दिन बाद सीएनएस इंफो के सीनियर एग्जीक्यूटिव सिद्धार्थ कुमार ने सोमवार को मुफस्सिल थाना पहुंचकर औपचारिक रूप से प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक, अज्ञात अपराधियों ने एटीएम को गैस कटर से काटकर कुल 30 लाख 43 हजार 300



रुपये की नकदी लूट ली। वारदात को जिस तरीके से अंजाम दिया गया, उससे साफ है कि अपराधी प्रशिक्षित और प्लानिंग में माहिर थे। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची और एटीएम कक्ष का निरीक्षण किया। मौके से बरामद तकनीकी उपकरणों, कटर के निशानों और आसपास की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने फोरेंसिक व तकनीकी टीमों को जांच में लगा दिया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि एटीएम में मौजूद पूरी नकदी घटना से चंद घंटे पहले ही लोड की गई थी। यही कारण है कि पुलिस मान रही है कि अपराधियों ने समय, गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीक रेकी पहले से की थी। जांच अधिकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, सर्वर बैकअप और एटीएम के पास के सभी डिजिटल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। हालांकि एटीएम के अंदर का कैमरा लूट से पहले ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, फिर भी पुलिस आसपास के मार्गों के फुटेज और संदिग्ध वाहनों की आवाजाही को खंगालने में जुटी है। तकनीकी टीमों की रिपोर्ट आने के बाद जांच और तेजी पकड़ने की उम्मीद है। फिलहाल पुलिस को किसी ठोस सफलता की जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि कई ḫटेक्निकल क्लूḫ हाथ लगे हैं, जिनकी मदद से अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पुलिस स्थानीय संदिग्धों, हाल में बाहर से आए लोगों और पूर्व में अपराध में शामिल तत्वों पर विशेष नजर रख रही है। एटीएम लूट की खबर फैलते ही अखौरीपुर गोला और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि वारदात का जल्द खुलासा किया जाएगा और जिम्मेदार अपराधियों को कानून के कटघरे में खड़ा किया जाएगा।

# जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने धरहरा में शोक संतप्त परिवार से की मुलाकात

- **क्रिकेट खेलते समय चोट से नीतीश कुमार सिंह की मौत, जदयू नेता ने परिवार को ढांढस बंधाया**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा मंगलवार को धरहरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के घर जाकर उनके पुत्र नीतीश कुमार सिंह के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। कुछ दिन पूर्व क्रिकेट खेलते समय लगी गंभीर चोट के कारण नीतीश की मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है।



नीतीश कुमार सिंह, जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय) दिल्ली के छात्र थे। वे उच्च शिक्षा के साथ-साथ क्रिकेट की नियमित प्रैक्टिस भी करते थे और अपने खेल कौशल से साथियों और प्रशिक्षकों के बीच पहचान बना रहे थे। सूत्रों के अनुसार खेल के दौरान अचानक लगी गहरी चोट ने उनकी हालत गंभीर कर दी, जिसके बाद उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। युवा और प्रतिभावान छात्र की इस तरह हुई मौत ने परिवार सहित पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नीतीश एक होनहार युवा थे जिनका जाना न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

स्थानीय लोगों ने बताया कि नीतीश न केवल पढ़ाई और खेल में उत्कृष्ट थे, बल्कि अपने शांत, विनम्र और संस्कारी व्यवहार के लिए भी जाने जाते थे। उन्हें क्रिकेट का गहरा शौक था और वे भविष्य में खेल जगत में नाम कमाने की इच्छा रखते थे। उनके निधन से गांव में गम का माहौल है और लगातार लोगों का परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। ग्रामवासियों के अनुसार इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। वहीं जदयू नेता की मौजूदगी ने परिवार को थोड़ी दिलासा दी है। परिवारजन अब भी सदमे में हैं और पुत्र की याद में टूटे हुए हैं।

# वेंडिंग जोन बनाए बिना अतिक्रमण हटाना न्यायसंगत नहीं : डॉ. वंदना भगत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर फुटपाथी दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। लग्न के ऐन यह अभियान चला नगर परिषद प्रशासन ने फुटपाथियों की हकमारी की है। यह कहना है कि भाजयुमो युवती संपर्क प्रदेश प्रभारी डॉ. वंदना भगत का। डॉ. वंदना ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन को फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाना था। इसके लिए पूर्व में जमीन का चयन भी किया गया था, लेकिन नगर परिषद प्रशासन ने अभी तक वेंडिंग जोन नहीं बनाया है, जिस कारण गरीब परिवार से आने वाले सैकड़ो फुटपाथी दुकानदार दो वक्त की रोटी के लिए सड़क किनारे अपनी दुकान सजाते है।उन्होंने कहा कि नगर परिषद प्रशासन को पहले वेंडिंग जोन बनाना चाहिए इसके बाद ही अतिक्रमण हटाना चाहिए। वंदना ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर परिषद ने दुकानों के आगे नालियों पर बनाए गए स्लैब को भी हटा दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत नगर विकास मंत्री से की जाएगी। वंदना ने कहा कि लग्न के सीजन में बिना वेंडिंग जोन बनाए अतिक्रमण हटाने की वे पुरजोर विरोध करेंगी। वहीं, नगर विक्रय समिति के मिंटू हॉशमी का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन ने बिना नगर विक्रय समिति की बैठक कराए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि फुटपाथी दुकानदार अब आंदोलन का रूख अख्तियार करेंगे। मिंटू ने कहा कि जबतक वेंडिंग जोन का निर्माण नहीं होता तबतक अतिक्रमण नहीं हटाना चाहिए।

# विश्व एड्स दिवस पर मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

■ एड्स स्लोगन नारों के साथ लोगों को किया जागरूक

**केटी न्यूज/रोहतास**

विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को बिक्रमगंज नगर परिषद में एड्स बचाव नियंत्रण पर जागरूकता रैली निकाली गयी। यह जागरूकता रैली शहर के रेलवे स्टेशन समीप स्थित लाइट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल के छात्राओं ने निकालते हुए शहर के तेंदुनी चौक सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मेडिकल कॉलेज परिसर में समाप्त किया। वही 1 दिसंबर को विश्व एड्स जागरूकता रैली कार्यक्रम का




आगाज लाइट इंस्टिट्यूट कॉलेज सह हॉस्पिटल के सैकड़ों एएनएम छात्राओं ने सचिव सामुएल के नेतृत्व में किया। जिसका संचालन फैकेल्टी शिक्षक उषा सिंह और सादिया परवीन ने की। विश्व एड्स जागरूकता रैली पर रास्ते में जन जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार,पंपलेट, बुकलेट वितरण करते हुए एचआईवी एड्स के बारे में लोगों को जागरूक किया। अवसर पर लाइट कॉलेज की छात्राओं ने अपने द्वारा लिखे हुए विभिन्न स्लोगन को नारों तहत बताया कि विश्व एड्स दिवस एकमात्र है नारा..एड्स मुक्त हो विश्व हमारा, दुनिया जीतेगी..एचआईवी हारेगा। मौके पर छात्राओं ने शहर के तेंदुनी चौक पर एचआईवी एसटीआई, ब्लड डोनेशन के बारे में भी जन जागरूक किया। दूसरी तरफ ए एन एम कॉलेज छात्राओं के बीच एड्स दिवस क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें फैकेल्टी शिक्षक उषा सिंह और सादिया परवीन ने मेडिकल कोर्स से जुड़े प्रश्नों से सवाल जवाब किया। जिसका जवाब देते हुए प्रथम स्थान अंशु कुमारी, द्वितीय स्थान निवेदिता कुमारी और तीसरा स्थान तबस्सुम ने प्राप्त करने वालो लाइट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के सचिव सामुएल ने पुरस्कृत किया। वही सचिव ने विभागीय वस्तु स्थिति से छात्राओं को अवगत कराते हुए एचआईवी एड्स के लक्षण और कारण नियंत्रण पर विशेष प्रकाश डालते हुए बताया कि एचआईवी एड्स की उत्पत्ति से लेकर संक्रमित योजना जिसके अंतर्गत सेक्स वर्कर समलैंगिक एवं आईडीयू, प्रवासी मजदूर ट्रैक्टर्स एचआईवी एड्स फैलने की संभवतः शुरूआती मुख्य स्त्रोतों माने जाते है। जो संक्रमित मरीजों की जानकारी अवगत होते हुए उन्हें बचने का उपाय बताना चाहिए। उक्त रैली में में नीतू कुमारी, मंजू कुमारी, अनीशा कुमारी, प्रीति कुमारी, सीमा कुमारी,शैले खातून, रंजिता कुमारी, संगीता कुमारी, शोभा कुमारी, खुशी कुमारी, प्रियांशु कुमारी सहित समस्त मेडिकल कॉलेज कर्मियों ने भाग लिया।

## बिहार में होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के लिए बड़ी राहत

# नीतीश सरकार ने ब्याज और जुर्माना किया माफ

**एजेंसी/पटना**

बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने बिहार नगर पालिका संपत्ति कर प्रोत्साहन ब्याज एवं जुमार्ना में छूट योजना 2025 को लागू कर दिया है। यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के संपत्ति कर बकायेदारों को बड़ी राहत दी गई है।उशहरी क्षेत्र में रहने वाले वे होल्डिंग टैक्स बकायेदार जिन्होंने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है, वे इस योजना के तहत बिना ब्याज और जुमार्ना के बकाया टैक्स जमा कर सकते हैं। लखीसराय नगर परिषद लखीसराय के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. रमन कुमार ने पूरे शहर में प्रचार-प्रसार किया है और प्रमुख चौक-चौराहों पर होर्डिंग लगवा कर लोगों को योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के बकायेदारों से इस लाभकारी योजना का लाभ उठाने की अपील की जा रही है। नगर परिषद



लखीसराय में वर्ष 2006 में पहली बार होल्डिंग सर्वे कराया गया था, जिसमें 20,000 से अधिक होल्डिंग धारियों को चिह्नित किया गया। उस समय शहर में होल्डिंग टैक्स वसूली की स्थिति काफी दयनीय थी। राजस्व के रूप में पूरे साल में लाखों रुपये भी नहीं आते थे और शहर के लोग टैक्स जमा करने में उदासीन बने रहे। इस कारण बकायेदारों की संख्या लगातार बढ़ती गई। उआज भी डेढ़ करोड़ से अधिक राशि बकायेदारों के यहां वर्षों से बकाया है। इसमें तीन से चार हजार ऐसे बकायेदार शामिल हैं जिन्होंने वर्ष 2006 से अब तक एक बार भी टैक्स जमा नहीं किया। विभाग ने अगले 31 मार्च 2026 तक बकायेदारों के लिए बड़ी छूट की घोषणा की है। कोई भी व्यक्ति बिना ब्याज और जुमार्ना के बकाया टैक्स जमा कर योजना का लाभ उठा सकता है। इस वर्ष अबतक 90 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ

### कोर्ट में लंबित मामलों पर भी बड़ा फायदा

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि कोर्ट या ट्रिब्यूनल में लंबित होल्डिंग टैक्स मामलों को भी इस योजना में शामिल किया गया है. ऐसे करदाताओं को बस अपना मामला वापस लेने का लिखित प्रमाण देना होगा और वे भी पेनाल्टीझब्याज माफी का लाभ उठा सकते हैं. यह सुविधा खास तौर पर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जिनके मामले तकनीकी कारणों से अटके हुए थे.

### जिनका होल्डिंग नंबर नहीं है, वे भी शामिल होंगे

योजना में यह विशेष प्रावधान किया गया है कि जिन संपत्तियों का अभी तक होल्डिंग नंबर निर्धारित नहीं हुआ है, वे भी कर निर्धारण कराकर इस योजना में शामिल हो सकते हैं. इससे नगर निगम के टैक्स बेस को भी विस्तार मिलेगा.

### भुगतान प्रक्रिया को बनाया गया आसान

सरकार ने ने करदाताओं से अपील की है कि वे समय पर मूल राशि जमा कर 100% ब्याज और पेनाल्टी माफी का लाभ उठाएं. भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए निगम ने ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई है. इसके अलावा, निगम कार्यालयों और अधिकृत पोर्टल पर भी भुगतान किया जा सकेगा. नगर निगम ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई गलत सूचना देता है या तथ्य छिपाता है, तो दी गई छूट तुरंत रद्द कर दी जाएगी और संबंधित नियमों के अनुसार कार्रवाई होगी.

### वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू

नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना के बाद यह योजना तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है. नगर निगम के अनुसार, 2025, 26 और इससे पहले के सभी बकाया करदाता इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं. इस योजना का फायदा सिर्फ आवासीय संपत्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वाणिज्यिक, औद्योगिक, संस्थागत और सरकार की संपत्तियां भी इससे जुड़ सकेंगी।

# 15 भूमिहिनों को 40 वर्ष बाद भी बन्दोबस्त भूमी पर नहीं मिला कब्जा

■ पचार्धारकों ने सीओ को प्रदान किया आवेदने

**केटी न्यूज/रोहतास**

अंचल अंतर्गत राजनडिह गांव के 15 भूमिहिनों को 40 वर्ष बाद भी बन्दोबस्त भूमि पर कब्जा नहीं मिला है।ये सभी भूमिहीन 1985 से अभी तक अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। गृह स्थल के लिए सरकार से बन्दोबस्त दो डिसमिल भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए सोमवार को सभी ने अंचल कार्यालय पहुंच सीओ को आवेदन प्रदान किया ।आवेदकों ने सीओ को जानकारी देते हुए बताया मौजा राजनडिह थाना संख्या 13 अंतर्गत बिहार सरकार की खाता संख्या 234 खेसरा 403 रकबा 30 डिसमिल गडहा की भूमि बंदोबस्ती गृह स्थल योजना अंतर्गत 25 जुलाई 1085 में हरिजन एवं कमजोर वर्गों के लिए आनाबाद बिहार सरकार भूमि का वितरण 15 व्यक्तियों को किया गया है।जिसके लाभुक तुलसीराम पिता शिवशरण




राम,सदन मेस्तर पिता भजन मेस्तर,सुदर्शन राम पिता महंगू दुसाध,राजेंद्र मेस्तर पिता लालजीत मेस्तर,सूरज डोम पिता वकील डोम,जीतन पासी पिता मुखराम पासी, किशुन दुसाध पिता गोसाई दुसाध,धनजीत चमार पिता शुभम चमार,तुलसी चमार पिता रामशरण चमार,जगन पासी पिता बिलास पासी,जगदीश पासी पिता गुली पासी,शिवबरन चमार पिता सुभग चमार,लालमुनी चमार पिता महावीर चमार,रामेश्वर पासी पिता दीपा पासी हैं.आवेदकों ने अंचलाधिकारी से बन्दोबस्त भूमि पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई है।मामले में अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी ने बताया कि बंदोबस्त भूमि का पर्चा कुछ आवेदकों ने उपलब्ध कराया है.प्रथम दृष्टया देखने पर ऐसा लगता है कि स्थल निरीक्षण कर के भूमि का पैमाईस करते हुए जमाबंदी कायम करके राशिद कटेगा।लेकिन स्थल निरीक्षण करने के बाद हीं स्थिति स्पष्ट होगा कि इतने लम्बे समय बाद भी आखिर बन्दोबस्त भूमि पर दखल कब्जा क्यों नहीं दिलाया जा सका है।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को लगी गोली ईलाज के दौरान हुई मौत

**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के ग्राम-थनुवों में रविवार की रात करीब 11:00 बजे एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली लग गयी है जिनका ईलाज के दौरान मृत्यु हो गया है। मृतक व्यक्ति बक्सर जिले के चिलहर गांव निवासी 50 वर्षीय नंदन कुमार सिंह बताया जाता है,। जो शिक्षके थे। इस घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर घटना में उपयोग किए गए पिस्टल एवं खाली कारतूसे भी पुलिस ने बरामद कर लीं है रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा डिहरी स्थित अपने कार्यालय कक्ष मे सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि घटना शिवसागर थाना के धनुवा गांव में हर्ष फायरिंग के बाद एक व्यक्ति की हुई गोली से मौत के बादे अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-01 सासाराम के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, शिवसागर थाना तथा तकनिकी सहायता के लिए जिला आसुचना इकाई, रोहतास को भी शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इस घटना में शामिल रोहित कुमार पे०-विजय बहादुर सिंह सा०-थनुवाँ थाना-शिवसागर जिला-रोहतास को इन्द्रपुरी थानाक्षेत्र के कटार गाँव से गिरफ्तार किया गया।

वहीं गिरफ्तार रोहित कुमार के द्वारा पूछताछ के क्रम में इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि इस घटना में उनके अलावा अविनाश कुमार सिंह उर्फ बारूद, बम कुमार, अभिरंजन कुमार, कुन्दन सिंह एवं प्रभात कुमार उर्फ पन्नु शामिल थे।

जिनके द्वारा अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। इसी क्रम में एक गोली नन्दन कुमार सिंह सा०-चिल्हर थाना-इटाढ़ी जिला-बक्सर को लगी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार रोहित कुमार के बताये अनुसार इस घटना में शामिल कुन्दन सिंह एवं प्रभात कुमार उर्फ पन्नु को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार प्रभात कुमार उर्फ पन्नु के निशानदेही पर इस घटना में उपयोग किये ।सिंह एवं प्रभात कुमार उर्फ पन्नु को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार प्रभात कुमार उर्फ पन्नु के निशानदेही पर इस घटना में उपयोग किये गये पिस्टल को उनके घर के बगल में स्थित एक भुसा के कोठरी से बरामद किया गया है।

गठित टीम के द्वारा इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 7.65 बोर का एक देशी पिस्टल,. दो खोखा, एक बुलेट मोटरसाईकिल . दो विडियो कैमरा, दो एण्ड्रायड मोबाईल फोन.बरामद की गई है।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाने को लेकर नासरीगंज के दुकानदारों को नोटिस, विधायक ने समाधान का आश्वासन दिया



**नासरीगंज ।** स्थानीय धुस चौक पर वर्षों से संचालित दुकानों पर नगर पंचायत कार्यालय ने अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया है। कहा गया है कि एक सप्ताह के भीतर सड़क पर लगे अतिक्रमण हटाने होंगे, नहीं तो नगर पंचायत सख्त कदम उठाकर अतिक्रमण मुक्त कराएगी और इसका खर्च दुकानदारों से वसूला जाएगा। इस क्षेत्र में चाय की दुकानें, फल, पान, सैलून, फोटो स्टेट सहित कई व्यवसाय मौजूद हैं, जो अपनी आजीविका के लिए चिंतित हैं। दुकानदारों ने कहा कि वे अतिक्रमण हटाने को तैयार हैं, लेकिन नगर पंचायत से आग्रह किया है कि उन्हें कोई वैकल्पिक स्थान दिया जाए, क्योंकि अभी उनका कारोबार वर्षों से इसी जगह चलता आ रहा है। नजदीक में सरकारी जमीन और टाल भी खाली है, जहां दुकान लगाने की अनुमति मिले या फिर वेंडर जोन बनाए जाएं। दुकानदारों ने इस समस्या को लेकर नवनिर्वाचित विधायक नागेंद्र चन्द्रवंसी से मदद मांगी, जिन्होंने समाधान निकालने का भरोसा दिया है। दुकानदारों की चिंता इस बात को लेकर भी है कि अतिक्रमण हटाने की राज्यभर में चल रही मुहिम के बीच उनका रोजगार प्रभावित हो सकता है। नगर पंचायत की कार्रवाई और विधायक की भूमिका पर सभी की नजरें टिक गई हैं।

### पश्चिम चंपारण में 2 नाव की टक्कर : गंडक नदी में नाव पलटने से 15 लोग डूबे, 2 बच्चियां लापता

पश्चिम चंपारण के गंडक नदी में नाव पलटने से 20 लोग डूब गये और मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। लोगों की चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गये। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने सभी को डूबने से बचा लिया लेकिन दो लड़ियों को बचा नहीं पाए। वो दोनों लापता हो गयी हैं। फिलहाल एनडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश में जुटी है। घटना गंडक नदी के कोईरपट्टी घाट के पास की है जब बड़ी नाव एक छोटी नाव से टकरा गई। इस दौरान छोटी नाव गंडक नदी में पलट गयी और उस पर सवार दो युवक सहित 15 महिलाएं नदी में डूब गई। स्थानीय लोगो की मदद से दोनों युवक को बाहर निकाला गया वही 13 महिलाओं की भी जान बचाई गयी। जबकि दो युवती पानी में गिरने के बाद लापता हो गयी है, जिसकी खोजबीन जारी है। जो दो लड़कियां गायब हो गयी है उनकी पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के डूमरिया गांव निवासी धर्म यादव की 17 वषीर्या पुत्री पुनीता कुमार और रमेश यादव की 10 साल की बेटी सुगी कुमारी के रूप में हुई है। नाव पर सवार 13 दो युवक समेत 13 महिलाएं बाहर निकल आईं हैं। जबकि बैरिया थाना क्षेत्र के डूमरिया गांव वार्ड नंबर 11 निवासी धर्म यादव की पुत्री पुनीता कुमारी( 17 ) व रमेश यादव की पुत्री सुगी कुमारी( 10 ) लापता है। नाव दुर्घटना की सूचना पर बैरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है। मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता से कई लोगों की जान बच गयी लेकिन दो बच्ची अभी भी लापता है। जिसकी तलाश में एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। लापता दोनों बच्चियों के परिजन काफी सदमें में हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल है.

### भाजपा नेता की पत्नी को मिली धमकी भाजपा एमएलसी गप्पू सिंह पर गंभीर आरोप

**गोपालगंज।** गोपालगंज में भाजपा नेता स्वर्गीय कृष्ण शाही की पत्नी शांता शाही का जमीन हड़पने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वायरल ऑडियो में आरोपी के द्वारा शांता शाही को फोन कर उनकी करोड़ों रुपए की जमीन जबरन बेचने का धमकी दिया गया है। इस वायरल ऑडियो को लेकर शांता शाही ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है। नगर थाना पुलिस इस मामले में एक आरोपी सुमित सौरभ को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के बयान पर तीन अन्य लोगों के खिलाफ भी नामजद प्राथमिक की दर्ज की गई है। जिसमें सुमित सौरभ, पप्पू शाही और विवेक राय को नामजद किया गया हैं।प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए शांता शाही ने कहा कि गोपालगंज के हरखुआ स्थित चीनी मिल के पास करोड़ों रुपए की करीब 10 कट्ठा जमीन है। उनकी जमीन को हड़पने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बीजेपी एमएलसी राजीव कुमार सिंह उर्फ गप्पू सिंह के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन हड़पने को लेकर एमएलसी के घर पर बैठक की गई है। जिसमें एमएलसी गप्पू सिंह आरोपी विवेक राय सहित कई लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गोपालगंज पुलिस उनके इस जमीन के मामले में अब तक तीन-तीन एफआईआर दर्ज कर चुकी है। लेकिन अब तक इस एफआईआर में दर्ज अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में गोपालगंज के एमएलसी के अलावे उनके भैसुर और चैनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया उमेश सही भी शामिल है। अपनी जमीन को बचाने और खुद की सुरक्षा को लेकर वे दिलीप जायसवाल से भी मुलाकात की और उनसे कहा कि वे भी भाजपा नेता की पत्नी है। आखिर उनका क्या कसूर है कि कोई उनकी जमीन हड़पना चाहता है। वही इस मामले में एमएलसी गप्पू सिंह से फोन से बात करने पर उन्होंने कहा कि अभी वे पटना में है। उनका शांता शाही के पास पूर्व में एक लाख रुपए का बकाया है। जिसको मांगने के लिए वे शांता शाही को फोन करते हैं। लेकिन शांता शाही उनका फोन रिसीव नहीं करती हैं। उनके ऊपर जमीन संबंधी लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है। सदन से लौटते ही इनके ऊपर मैं केस करूंगा।

# बिहार में बीएसआरटीसी के बेड़े में बढ़ेगी सीएनजी बसों की संख्या, परिवहन विभाग की बैठक में मंत्री ने दिए निर्देश

**एजेंसी । पटना**

राज्य सरकार प्रदूषण मुक्त परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के बेड़े में सीएनजी बसों की संख्या बढ़ाने की तैयारी कर रही है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।मंत्री ने बताया कि निगम फिलहाल 646 बसों का संचालन अपने स्तर पर करता है, जबकि 194 बसें ढढढ मॉडल के तहत चल रही हैं। इस तरह कुल 840 बसें राज्यभर में सेवाएं दे रही हैं, जिनमें 266 सीएनजी और 25 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।



593 डीजल बसें भी आधुनिक तकनीक से लैस की गई हैं। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार पर्यावरण-अनुकूल बसों की संख्या और बढ़ाने तथा नई बसों की खरीद को लेकर विभागीय स्तर पर विस्तृत मंथन शुरू करने की बात कही। अंतिम निर्णय समीक्षा के बाद लिया जाएगा। राज्य के छह प्रमंडलों में बीएसआरटीसी की 187 रूटों पर नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं। वहीं अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 14 बसें बिहार को झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ रही हैं।

### 187 रूटों पर नियमित सेवा

राज्य के छह प्रमंडलों में बीएसआरटीसी की 187 रूटों पर नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं। वहीं अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 14 बसें बिहार को झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ रही हैं। मुजफ्फरपुर रांची और गया वाराणसी रूट पर दो-दो बसें एवं गया रांची रूट पर रोजाना 10 बसें संचालित की जा रही हैं। इससे यात्रियों को समयबद्ध और सुलभ परिवहन सुविधा मिल रही है।

मुजफ्फरपुर रांची और गयाझवाराणसी रूट पर दो-दो बसें एवं गया रांची रूट पर रोजाना 10 बसें संचालित की जा रही हैं। इससे यात्रियों को समयबद्ध और सुलभ परिवहन सुविधा मिल रही है। महिला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीएसआरटीसी कुल 100 पिंक बसों का संचालन कर रहा है। इनमें से 30 पटना, 20 मुजफ्फरपुर, 15,15 गया और दरभंगा तथा 10,10 बसें पूर्णिया और भागलपुर में चलाई जाएंगी। ये सभी बसें सीएनजी से चलती हैं और इनमें सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन, पैनिक बटन, सीसीटीवी, जीपीएस ट्रैकर, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, माइक, म्यूजिक सिस्टम और गर्भनिरोधक गोलियां तक उपलब्ध हैं।

# गंडक नदी में बड़ा हादसा, 20 सवारियों वाली नाव डूबी, दो बच्चियां अभी भी लापता खोज-बीन जारी

**एजेंसी। पश्चिम चंपारण**

पश्चिम चंपारण के बैरिया थाना क्षेत्र स्थित कोइरपट्टी घाट के पास सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई, जहां ग्रामीणों से भरी एक छोटी नाव गंडक नदी में अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दैनिक खेत-खलिहान का काम निपटाकर, चारा काटकर और भोजन देकर लौट रहे ग्रामीण बड़ी संख्या में इस नाव पर सवार हो गए थे।नाव पर करीब 15 से 20 लोग बैठे थे 5 से 6 लोगों की क्षमता वाली नाव पर करीब 15 से 20 लोग बैठे थे, जिससे नाव असंतुलित हो गई और सामने से आ रही एक बड़ी नाव से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद गंडक की तेज धारा में कई लोग बह गए। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बचाए गए अधिकांश लोगों की पहचान हो चुकी है, लेकिन दो बच्चियां पुनीता कुमारी (17 वर्ष), पिता धर्म यादव, और रौनक उर्फ सुगी (8 वर्ष), पिता रमेश कुमार अभी भी लापता हैं। दोनों आपस में फुआ-भतीजी बताई जाती हैं, जिनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बिना देरी किए नदी में कूदकर बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पुलिस बल और गोताखोर भी घटनास्थल पर पहुँच गए और सर्च ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। थानाध्यक्ष अंजेश कुमार ने फिलहाल मीडिया को आधिकारिक बयान देने से परहेज किया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस हर संभव संसाधन जुटाकर दोनों बच्चियों की खोज में लगी है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर नावों की नियमित जाँच और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएँ बार-बार होती हैं। लोग प्रशासन से तत्काल राहत, लापता बच्चियों की तेजी से तलाश, नाव परिचालन पर निगरानी, और घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग घाट पर जमा हो गए। लापता दोनों बच्चियों के परिवार अब भी नदी किनारे उम्मीद और दहशत के बीच खड़े हैं। पुनीता की मां बेहोशी की हालत में है, जबकि छोटी सुगी का परिवार लगातार नदी में देखने-ढूंढने की कोशिश कर रहा है।

# राजधानी का ट्रैफिक रूट बदला, पटना जंक्शन सर्किल में ऑटो-कैब की एंट्री पर रोक

■ फैसले के विरोध में हड़ताल शुरू

**एजेंसी। पटना**

पटना जंक्शन सर्किल में भाड़े वाली गाड़ियों की एंट्री पर आज से रोक लगा दी गई है। इस निर्णय के विरोध में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों सहित सभी संबंधित संघ सड़क पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी जिला प्रशासन और पुलिस के फैसले के खिलाफ सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं, जिससे आम राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटना जिला ऑटोझई-रिक्शा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू कुमार यादव ने बताया कि जिला



प्रशासन के फैसले के विरोध में चालक संघ ने स्वयं ही ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि इस आदेश से न केवल चालक वर्ग बल्कि आम जनता भी परेशान है। रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है, इसलिए हड़ताल की घोषणा की गई है, जो तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं। रविवार को पटना कमिश्नर, पटना रढ और ट्रैफिक रढ ने पटना जंक्शन के आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया था। इसके बाद आज से ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव लागू किए गए हैं। नए नियम के तहत पटना जंक्शन की परिधि में सार्वजनिक वाहनों की प्रवेश पर रोक रहेगी, जबकि निजी वाहन ही स्टेशन तक जा सकेंगे। कंकड़बाग से पटना जंक्शन आने वाली सार्वजनिक वाहनों के लिए नया मार्ग निर्धारित किया गया है। अब ये गाड़ियां चिरैयाटांड़ पुल के ऊपर से होते हुए जीपीओ गोलंबर ऊपर, आर ब्लॉक गोलंबर ऊपर, आर ब्लॉक गोलंबर नीचे और मल्टी लेवल पार्किंग हब के रास्ते पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगी।इसी तरह पटना जंक्शन से कंकड़बाग की ओर जाने वाले ऑटो के लिए भी नया रूट तय किया गया है। इसके अनुसार, मल्टी लेवल पार्किंग हब से निकास कर पाया नंबर 4 के सामने होकर गाड़ियां जीपीओ नीचे, आर ब्लॉक गोलंबर नीचे, आर ब्लॉक गोलंबर ऊपर और फिर जीपीओ ऊपर से चिरैयाटांड़ पुल होते हुए कंकड़बाग की ओर जाएंगी। इसके अतिरिक्त, एक्जीबिशन रोड के दोनों फ्लैंक पर ऑटो और ई-रिक्शा के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। पटना जंक्शन गोलंबर ऊपर से जीपीओ गोलंबर नीचे तक के क्षेत्र में नो-पार्किंग लागू रहेगी।

# विधानसभा सत्र के पहले दिन विधायकों ने ली शपथ



**एजेंसी। पटना**

बिहार में 18वीं विधानसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो गया है। पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा चुनाव में जीत कर आये विधायकों ने एक एक कर शपथ लिया। करीब छह विधायक शपथ नहीं ले पाए। वह मंगलवार को शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव सभी को शपथ दिलाईं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शपथ लिया। इस बार तेजस्वी यादव का अलग अंदाज देखने को मिला। उन्होंने सम्राट चौधरी से हाथ मिलाया और सीएम नीतीश कुमार से इशारों में बात की। वहीं शपथ लेने के बाद मंत्री रामकृपाल यादव तेजस्वी से गले मिले। इधर, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने शपथ लेने के बाद सीएम नीतीश कुमार का पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं आठवीं बार जीतकर सदन पहुंचे प्रेम कुमार ने सदन को नमन किया तब अंदर गए। बाहुबली राजवल्लभ यादव की पत्नी और जदयू विधायक विभा देवी ठीक से शपथ नहीं पढ़ पाईं। वहीं मोकामा विधायक अनंत सिंह आज शपथ लेने जेल से नहीं पहुंच पाए। इधर, सदन के अंदर पहली पंक्ति में सीएम नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय और दिलीप जायसवाल बैठे दिखे। इधर, विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए विधायक प्रेम कुमार ने नामांकन कर दिया है। इस बार विधायक अरुण शंकर प्रसाद, सुजीत पासवान, विनोद नारायण झा, आसिफ अहमद, माधव आनंद, मीणा कुमारी, नीतीश मिश्रा और सबसे कम उम्र की विधायक मैथिली ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ ली। मैथिली ठाकुर ने मिथिला पेंटिंग वाली साड़ी और पाग पहन कर आईं। वहीं विधायक आबिदुर रहमान, कमरूल होदा, सरबर आलम, विधायक व अक्टक्ट के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान और विधायक मुर्शीद आलम ने उर्दू में शपथ ली। इस बार सदन की तस्वीर काफी बदली हुई है। चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिला। इनके 202 विधायक इस बात जीतकर आये हैं। वही महागठबंधन के 35 विधायक ही इस बार सदन पहुंच पाए हैं। पिछली विधानसभा की तुलना में इस बार विपक्ष संख्या बल में कमजोर है। हालांकि इसके बावजूद विपक्ष के नेता सरकार को गर्ने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं। इसको लेकर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की बैठक भी हो चुकी है। विपक्ष बढ़ते अपराध और रोजगार के मुद्दे पर सरकार को गिरने की तैयारी में है। इधर, इस बार विधानसभा में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। सदन पूरी तरह से पेपरलेस हो गया है। अब विधायकों का सवाल पूछना, जवाब प्राप्त करना, भाषण देना और अन्य सभी काम डिजिटल फॉर्मेट में टैबलेट के माध्यम से होंगे। विधानसभा अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारियों को भी टैबलेट दिए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष टैबलेट की मदद से सदन की कार्यवाही संचालित करेंगे। विधानसभा में कुल 243 विधायक अपनी सीट पर टैबलेट का इस्तेमाल करेंगे। उनके भाषण और सवाल पहले ऐप पर अपलोड होंगे, जिन्हें जरूरत के अनुसार सदन में इस्तेमाल किया जाएगा।

## पांच दिसंबर तक चलेगा सत्र

बिहार चुनाव के बाद बुलाए गए सत्र पहले दिन यानी एक दिसंबर को विधायकों का शपथग्रहण होगा। वहीं दो दिसंबर को विधानसभा के अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। अध्यक्ष पद की रेस में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार का नाम सबसे आगे हैं। हालांकि, जनता दल यूनाईटेड इस बार अपने पास विधानसभा अध्यक्ष का पद रखना चाहती है। इस पर मंथन चल रहा है। अगले 24 घंटे के अंदर अध्यक्ष पद पर तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। तीन दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। चार दिसंबर को सरकार का फ्लोर टेस्ट और पांच दिसंबर को विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा। बिहार चुनाव के बाद पहली बार आज से 18वें विधानसभा सत्र की शुरूआत हो रही है। इस दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। आज सभी चुने हुए विधायक शपथ लेंगे। इनके स्वागत के लिए इस बार विधानसभा को रिनोवेट किया गया है। इस बार सदन पूरी तरह से पेपरलेस हो गया है।

## कई विधायक पहले दिन शपथ ग्रहण से रहे दूर

आज पहले दिन भाजपा और जदयू के कुल मिलाकर कई विधायक शपथ लेने से अनुपस्थित रहे। भाजपा की ओर से जाले विधानसभा सीट के विधायक जीवेश मिश्रा तथा लौरिया सीट से विधायक विनय बिहारी शपथ ग्रहण के दौरान सदन में मौजूद नहीं थे। दोनों के बारे में सूत्रों से जानकारी मिली है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्वास्थ्य कारणों की वजह से दोनों ने आज शपथ न लेने का निर्णय किया और उन्होंने कल शपथ लेने का समय निर्धारित कर दिया है। इसी तरह जदयू की ओर से मोकामा विधानसभा सीट के विधायक अनंत सिंह भी आज शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो सके। अनंत सिंह दुलारचंद हत्याकांड मामले में न्यायिक हिरासत में हैं और जेल में बंद हैं, जिसके कारण वे सदन नहीं पहुंच पाए। विधानसभा सचिवालय के मुताबिक, उन्हें बाद में शपथ दिलवाया जाएगा।

## एक नजर

### बारात से लौट रही बस पुल से टकराई, 1 की मौत, कई घायल

बिहार के नालंदा जिले में सोमवार की सुबह एक भयानक सड़क हादसा सामने आया, जब बारात से लौट रही एक बस कंचनपुर पुल के पास अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। उघटना की शुरूआत बिहारशरीफ की बड़ी पहाड़ी से हुई। बताया जाता है कि बस में बारात के सदस्य मौजूद थे, जो शादी समारोह खत्म कर काशीचक की ओर लौट रहे थे। बस में कुल लगभग 50 यात्री सवार थे। जैसे ही बस दीपनगर थाना क्षेत्र के कंचनपुर पुल के पास पहुंची, चालक अचानक नींद की झपकी में आ गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में भैरो बिगहा गांव निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह बस के ऊपर बैठा था और टक्कर के समय 40 फीट हवा में उछलकर ओवरब्रिज के नीचे गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, 35 वर्षीय मंटू कुमार, 50 वर्षीय अजय प्रसाद, 79 वर्षीय सुशांत कुमार, 25 वर्षीय सोनी कुमारी, संतोष कुमार समेत 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से पास के भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी में भर्ती कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर की आवाज सुनते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। कई यात्री खिड़कियों तोड़कर बाहर कूदे, जबकि कुछ दरवाजों से बाहर आए। इस दौरान बस के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और चीख-पुकार के बीच लोग अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

### नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी: शराबबंदी वाले बिहार में बढ़ा सुखा नशा का चलन

नशे से बिहार को मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 9 साल पहले महिलाओं की मांग पर पूरे प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू की थी। इसे यह सोचकर लागू किया गया था और कड़े कानून बनाये गये थे कि लोग नशा से दूर रहेंगे। शराब पीकर किसी से झगड़ा विवाद नहीं करेंगे। घर आकर पत्नी के साथ मारपीट नहीं करेंगे। लेकिन जिस मकसद से इस कानून को लागू किया गया था, वो पूरा होता नहीं दिख रहा है। शराब आसानी से उपलब्ध नहीं होने के कारण अब लोग सूखा नशा करने लगे हैं। सूखा नशा का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इसके गिरफ्त में अब युवा पीढ़ी भी आते जा रहे हैं। एक वीडियो जहानाबाद जिले से सामने आया है, जिसमें कुछ युवा स्मैक और गांजा पीते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बता दें कि जहानाबाद के शकूराबाद थाना क्षेत्र के शकूराबाद बाजार समेत आसपास के कई इलाकों में इन दिनों सूखा नशा का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। इस बढ़ते नशे का सबसे बड़ा शिकार युवा पीढ़ी बन रही है। जिन युवाओं को देश और समाज का भविष्य माना जाता है, वे प्रतिबंधित नशे की गिरफ्त में फंसकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई किशोर और युवा खुलेआम सूखा नशा का सेवन कर रहे हैं। इससे न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है बल्कि वे मानसिक रूप से भी अस्थिर होते जा रहे हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि सूखा नशा लंबे समय तक लेने पर दिमागी संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और युवाओं के व्यवहार में अचानक हिंसक और अनियंत्रित बदलाव तक देखने को मिलते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार को बढ़ावा देने में युवा तस्करों का एक सक्रिय नेटवर्क शामिल है, जो अलग-अलग टीम बनाकर विभिन्न इलाकों में नशे की सप्लाई कर रहा

# पटना में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान शुरू, डीएम ने सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

**एजेंसी। पटना**

पटना शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन ने आज यानी 1 दिसंबर से विशेष अभियान शुरू किया है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस ने 9 टीमें बनाई हैं। यह अभियान पटना नगर निगम के 6 अंचलों के साथ दानापुर, फुलवारीशरीफ और खगौल में भी चलेगा। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने सभी एसडीओ, एसडीपीओ और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अतिक्रमण में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, दोबारा अतिक्रमण करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। अभियान के तहत गांधी मैदान, डाकबंगला चौराहा, पटना जंक्शन, बोरिंग रोड, कंकड़बाग, राजापुर पुल, अशोक राजपथ, अटल पथ, जेपी गंगा पथ, राजा बाजार, सगुना मोड़ समेत सभी प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन ने फुटपाथ, सर्विस रोड, अस्पतालों के आसपास अवैध ढांचे और अवैध पार्किंग पर भी विशेष



निगरानी रखने का निर्देश दिया है। अभियान में मजिस्ट्रेट, पुलिस बल, महिला सुरक्षा बल, नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, सफाई निरीक्षक, कर्मी और वीडियोग्राफर शामिल हैं। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी और हटाने से पहले माइकिंग भी की जाएगी। अस्थायी अतिक्रमण पर 5 हजार और स्थायी अतिक्रमण पर 20 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। डीएम ने यह भी कहा कि जहां-जहां अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां फॉलोअप टीम नियमित निगरानी करेगी ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। थानाध्यक्षों को अतिक्रमण हटाने की गतिविधियों को स्टेशन डायरी में दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा अवैध पार्किंग, अवैध वेंडिंग और सड़क किनारे व्यवसायिक गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

# पीएमसीएच गार्डों ने कार चालक को पीटा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। पटना**

पीएमसीएच में सुरक्षा गार्डों द्वारा मरीजों और तीमारदारों के साथ मारपीट की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। 28 नवंबर को भी ऐसा ही एक मामला देखने को मिला, जिसमें निजी सुरक्षा एजेंसी के दो गार्डों ने एक कार सवार को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। यह घटना पीएमसीएच से दीघा की ओर जाने वाले जेपी गंगा पथ पर हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है। हालांकि, पीड़ित ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है और फर्स्ट बिहार ने वीडियो की पुष्टि नहीं की है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक परिवार अपनी कार से उतरता है। कार में एक वृद्ध महिला भी मौजूद हैं। जैसे ही कार सवार उतरे, वहां तैनात दो सुरक्षा गार्ड ने चालक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गार्डों ने बेरहमी से शख्स की पिटाई की। वृद्ध महिला और आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद ही गार्डों ने पीड़ित को छोड़ा। इस वीडियो को एक्स प्लेटफॉर्म पर 29 नवंबर की रात अपलोड किया गया था। वीडियो में गार्डों की हिंसक कार्रवाई देख लोग गुस्से में हैं और सोशल मीडिया पर इसे कड़ी निंदा मिल रही है। अब तक वीडियो को 33 हजार से अधिक लोगों ने देखा है, 348 लोगों ने इसे शेयर किया है और 648 लोगों ने लाइक किया है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस और पीएमसीएच प्रशासन से गार्डों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीएमसीएच में तैनात निजी सुरक्षा एजेंसी के गार्डों के बेलगाम व्यवहार की यह कोई पहली घटना नहीं है। अक्सर छोटी-मोटी बात पर ये गार्ड मरीजों और तीमारदारों के साथ मारपीट करते पाए जाते हैं। पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं, जहां मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल परिसर में गार्डों द्वारा धक्का-मुक्की और मारपीट का सामना करना पड़ा। पीड़ित की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कही है। पीरबहोर थानेदार ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई आवेदन पुलिस को नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि वीडियो देखा गया है और पुलिस पीड़ित का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# राजधानी पटना में ताबड़तोड़ फायरिंग, पुरानी रंजिश में गोली लगने से एक घायल, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। पटना**

पटना के बख्तियारपुर प्रखंड के माधोपुर गांव में सोमवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग हो गई। इस घटना में संजय यादव नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी गर्दन में गोली लगी है। परिजनों ने तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। गांव में हुई यह वारदात कई वर्षों से चल रहे तनाव का नतीजा बताई जा रही है। घटना सुबह करीब 8 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संजय यादव अपने घर से पास के गांव में होने वाली शादी में शामिल होने के लिए निकले ही थे कि घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर हमला कर दिया। गोलीबारी इतनी तीव्र थी कि पूरे गांव में दहशत फैल गई। संजय यादव के बेटे रौशन कुमार ने बताया कि पांच से छह हमलावर पहले से



छिपे हुए थे। जैसे ही उनके पिता दरवाजे से बाहर निकले, उन पर अचानक गोलियां बरसा दी गईं। रौशन ने दावा किया कि हमलावरों ने लगभग 20 से 25 राउंड फायरिंग की। घटना स्थल के आसपास कई जगह दीवारों और पेड़ों पर गोली के निशान भी मिले हैं। गांव में कुछ देर तक अफरा-तफरी बनी रही और लोग अपने घरों में छिपने लगे। सूत्रों और पुलिस जानकारी के अनुसार, संजय यादव और मनोज यादव के बीच कई वर्षों से पुरानी दुश्मनी चल रही है। दोनों के बीच जमीन विवाद और आपसी कहासुनी को लेकर कई बार तनाव बढ़ चुका है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कुछ दिनों पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसके बाद से ही माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रंजिश का कोई ठोस समाधान नहीं होने के कारण विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। गांव के बुजुर्गों द्वारा कई बार समझौता कराने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों पक्ष अपने-अपने आरोपों पर अड़े रहे। घायल संजय यादव की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पीएमसीएच में उनका इलाज चल रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि मनोज यादव के नेतृत्व में हमला किया गया है।

# दित्वाह चक्रवात का असर बिहार में भी, ठंड बढ़ी, कई जगह कोहरे से राहगीर परेशान

**एजेंसी। पटना**

दित्वाह चक्रवात का असर आज से बिहार में दिखने लगा है। सोमवार की सुबह राज्य के ज्यादातर हिस्सों में धूप नदारद रही। पटना, पूर्णिया, बेतिया, बेगूसराय, मोतिहारी, गोपालगंज समेत कई जिलों में देर रात से कोहरा छाया रहा। पछुआ हवा चलने के कारण सुबह और रात में ठंड अचानक बढ़ गई। मौसम विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। विभाग का कहना है कि चक्रवाती प्रणाली की वजह से अगले कुछ दिनों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में ठंड और तेजी से बढ़ेगी। बताया गया है कि 5 दिसंबर के बाद न्यूनतम तापमान गिरावट के साथ 10



डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जिससे ठंड का असर और व्यापक होगा।बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश दर्ज नहीं की गई। अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस से 29.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिसमें अररिया में 29.4 डिग्री सेल्सियस का सर्वाधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस से 20.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा और किशनगंज में सबसे कम 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूर्णिया में 500 मीटर की न्यूनतम दृश्यता के साथ सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जबकि तापमान में कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया।मौसम विभाग के अनुसार राज्य के ऊपर बहने वाली हवाओं की दिशा और दबाव में बदलाव फिलहाल दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के कारण है। उत्तरी पंजाब और आसपास ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जिसका असर उत्तरी हरियाणा तक पहुंच रहा है। इसके साथ ही 5.8 किमी ऊंचाई पर मौजूद द्रोणिका के रूप में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 20 डिग्री उत्तरी अक्षांश के उत्तर में 61 डिग्री पूर्वीर्देशांतर की ओर बढ़ रहा है। इन दोनों प्रणालियों की वजह से पछुआ हवा लगातार बिहार में प्रवेश कर रही है, जिससे ठंड का प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है और वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। आगामी 4 से 5 दिनों में अधिकतम तापमान में किसी खास परिवर्तन की उम्मीद नहीं है, जबकि न्यूनतम तापमान अगले 48 घंटों तक स्थिर रहेगा। इसके बाद राज्य के अधिकांश हिस्सों में रात का पारा नीचे जाने के आसार हैं, जिससे ठंड और बढ़ेगी।

# पटना के चकारम का रहने वाला मोस्टवांटेड अपराधी दुर्गेश मिश्रा गिरफ्तार, लोहानीपुर में वेश बदलकर रह रहा था

**एजेंसी। पटना**

पटना के मोस्टवांटेड अपराधी दुर्गेश मिश्रा उर्फ गोलू पंडित को बिहार एसटीएफ ने अरेस्ट किया है। लोहानीपुर में एक किराए के मकान से उसे दबोचा गया। दुर्गेश मिश्रा पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकारम का रहने वाला है। वह 2014 से फरार था और पिछले12 साल से वह लगातार ठिकाना बदल रहा था। वांछित अपराधी दुर्गेश मिश्रा पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र के लोहानीपुर इलाके में छिपा हुआ था। यहां जहां पिछले कई साल वह किराये पर घर लेकर रह रहा था। पहचान छिपाने के लिए उसने अपना दाढ़ी-मूंझ कटवा लिया था और सिर में टोपी पहनकर रहता था, जिससे की लोग उसे पहचान ना पाये। लेकिन उसकी चालाकी ज्यादा दिनों तक नहीं चलने वाली थी। अ30 नवंबर को बिहार एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली कि दुर्गेश मिश्रा लोहानीपुर में छिपा हुआ है। यहां वो अपना हुलिया बदलकर किराये के मकान में रहता था, उसके बारे में इलाके के लोग भी अनजान थे। जब पता चला कि दुर्गेश मिश्रा वांछित अपराधी है, उसे कई साल से पुलिस तलाश रही है। अपुलिस की नजर से बचने के लिए वो घर से बाहर भी जल्दी नहीं निकलता था। उसके ऊपर हत्या, अपहरण, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट सहित दर्जनों मामले दर्ज हैं।

# रांची में रोहित-कोहली के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड

## हिटमैन सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी, विराट कोहली ने लगाया 52वां शतक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

रांची वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। मुकाबले में भारत के 2 दिग्गज बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बने, वहीं कोहली किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर बन गए।20वें ओवर में रोहित शर्मा ने मार्को यानसन की गेंद पर शानदार छक्का जड़ा, और इसी शॉट के साथ वे वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के 351 छक्कों के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान बना दिया।विराट कोहली अब एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 52वां शतक पूरा किया, जो इस फॉर्मेट का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में 51 शतकों के साथ सचिन तेंदुलकर दूसरे स्थान पर आते हैं। वहीं टी-20 इंटरनेशनल में 5 शतकों के साथ रोहित शर्मा सबसे छोटे फॉर्मेट में टॉप पर हैं।रोहित शर्मा और विराट कोहली अब एक साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली जोड़ी बन गई। दोनों ने साथ में



392वां मैच खेला। दुनिया की सबसे सफल जोड़ियों की बात करें तो रिकॉर्ड में सबसे ऊपर श्रीलंका के महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा हैं, जिन्होंने साथ में 550 मैच खेले। भारतीय जोड़ियों में रोहित-विराट के बाद सचिन तेंदुलकर-राहुल द्रविड़ की जोड़ी आती है, जिन्होंने 391 मैच एक साथ खेले।रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे में अपनी 52वीं 50+ पार्टनरशिप पूरी की। रिकाड्र्स में सबसे ऊपर सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की जोड़ी है, जिन्होंने 83 बार पचास से ज्यादा की साझेदारी बनाई है। उनके बाद सचिन-द्रविड़ की जोड़ी 74 बार, जबकि गंभीरझ्रसहवाग की जोड़ी 53 बार यह कारनामा कर चुकी है।विराट कोहली अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने सिर्फ 30 मैचों में ही 6 शतक ठोक दिए। उनके बाद डेविड वॉर्नर का नंबर आता है, जिन्होंने 30 मैचों में 5 शतक लगाए हैं।रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे में अपनी 20वीं सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी कर ली। सबसे ऊपर अब भी सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की जोड़ी है, जिन्होंने रिकॉर्ड 26 बार 100 से ज्यादा की साझेदारी की है। रोहित और कोहली के लिए यह लगातार दूसरी सेंचुरी पार्टनरशिप भी रही। इससे पहले दोनों ने सिडनी में नाबाद 168 रन जोड़े थे।रोहित शर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2000 इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। रोहित ने अब तक 56 मैच में 63 पारियों में खेलते हुए 2030 रन बनाए हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 212 है और औसत 33.83 रहा है। रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 शतक और 5 अर्धशतक भी लगाए हैं। पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिनके नाम 3752 रन हैं।विराट कोहली ने रांची में अपना तीसरा वनडे शतक लगा दिया। इसके लिए उन्हें सिर्फ 5 पारियां लगीं। इस नई उपलब्धि के साथ कोहली भारत में किसी एक ही वेन्यू पर सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके बाद सचिन तेंदुलकर का नंबर आता है, जिन्होंने वडोदरा में 7 पारियों में 3 शतक लगाए थे।भारत ने रांची का सबसे बड़ा वनडे स्कोर बना दिया। टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 349/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जो इस मैदान पर अब तक का सबसे बड़ा टोटल है। इससे पहले रांची में सबसे ज्यादा रन ऑस्ट्रेलिया ने बनाए थे। टीम ने 2019 में 313/5 का स्कोर बनाया था। भारत का यह 349/8 का स्कोर साउथ अफ्रीका के खिलाफ ओवरऑल दूसरा सबसे बड़ा टोटल भी है। इससे पहले भारत ने 2010 में ग्वालियर में 401 रन बनाए थे। उसी मैच में सचिन तेंदुलकर ने मेंस क्रिकेट का पहला दोहरा शतक जड़ा था। भारत लगातार 19 वनडे मैचों में टॉस हार चुका है। यह सिलसिला 2023 वर्ल्ड कप फाइनल (अहमदाबाद) से शुरू हुआ था और अब तक जारी है। दूसरी ओर, वनडे में सबसे खराब अगला टॉस हारने का सिलसिला नीदरलैंड के नाम रहा है, जिसने मार्च 2011 से अगस्त 2013 के बीच 11 बार लगातार टॉस गंवाए थे।




**वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर**

| प्लेयर्स | मैच | सिक्स |
|---|---|---|
| रोहित शर्मा (भारत) | 277 | 352 |
| शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान/एशिया/ICC) | 398 | 351 |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज/ICC) | 301 | 331 |
| सनथ जयसूर्या (श्रीलंका/एशिया) | 445 | 270 |

# दूसरे वनडे के लिए रायपुर पहुंची भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार, 3 दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा. दोनों टीमें रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भिड़ेंगी. टीम इंडिया इस मैच की जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी. वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम की नजरें सीरीज में बने रहने पर रहेंगी. दोनों टीमें सोमवार को रायपुर पहुंच गई हैं. टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच बुधवार, 3 दिसंबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच का टॉस दोपहर 1 बजे होगा. वहीं मैच की शुरूआत दोपहर 1:30 बजे से होगी. इस मैच को भी आप टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर देख सकेंगे. अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में मैच की कमेंट्री स्टार स्पोर्ट के अलग-अलग चैनलों पर होगी. वहीं मोबाइल पर मैच देखने वाले दर्शक इस मुकाबले को जियोहॉटस्टार पर लाइव देख सकेंगे. भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम सोमवार को रायपुर पहुंची. दोनों टीमों के खिलाड़ी एयरपोर्ट से सीधे होटल के लिए रवाना हुए. इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे.







चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. पुलिस की तरफ से बताया गया है कि 1500 से ज्यादा पुलिस के जवान और अफसर मैच को लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे. टीम इंडिया कल यानी मंगलवार को स्टेडियम में अभ्यास करेगी. रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल समेत कई स्टार खिलाड़ी कल प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेंगे. रायपुर के क्रिकेट फैंस लंबे समय के बाद अपने चहेते खिलाड़ियों को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं. रांची में खेले गए पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका के नियमित कप्तान टेंबा बावुमा नहीं खेले थे. वहीं विशाखापट्टनम में खेले जाने वाले मैच में उनकी वापसी हो सकती है. टेंबा अगर आते हैं तो फिर रियान रिकल्टन की टीम से छुट्टी हो सकती है. ऐसे में दूसरे वनडे में एडन मार्करम और क्विंटन डिकॉक ओपनिंग कर सकते हैं. वहीं तीन नंबर पर कप्तान टेंबा बावुमा नजर आ सकते हैं. पहले वनडे में ट्रिस्टन स्टब्स भी नहीं खेले थे, लेकिन दूसरे मैच में भी उनका खेलना मुश्किल है. भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. अब विशाखापट्टनम में टीम इंडिया सीरीज अपने नाम करने उतरेगी. इस सीरीज में टीम इंडिया के कप्तान केएळ राहुल हैं. वह बिना किसी बदलाव के दूसरे वनडे में उतर सकते हैं. ऐसे में ऋषभ पंत और तिलक वर्मा एक बार फिर बेंच पर बैठे रह सकते हैं.

# महिला हॉकी टीम के हेड कोच ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। टीम के हेड कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों का हवाला देते हुए तुरंत प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक हरेंद्र सिंह की जगह अब नीदरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी शोर्ड मारिन फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के अगले हेड कोच बन सकते हैं। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह पूरी तरह से उनका निजी फैसला है। सूत्रों ने बताया कि मारिन अब भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में वापसी कर सकते हैं। उनके कार्यकाल में भारतीय महिला टीम टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी। मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के हेड कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था। इससे पहले वह लखनऊ वर्ल्ड कप 2016 विनर जूनियर मेंस हॉकी टीम के कोच रहे थे। हरेंद्र सिंह ने इस्तीफा देते हुए कहा कि इंडियन वुमेंस हॉकी टीम को कोचिंग देना मेरे लिए गर्व की बात रही है। यह मेरे करियर का सबसे खास पल रहा है। हालांकि व्यक्तिगत कारणों की वजह से मुझे इससे दूर रहना पड़ रहा है, लेकिन मेरा दिल इस शानदार टीम और उनकी सफलता के साथ है। मैं हॉकी इंडिया के साथ अपने सफर को हमेशा याद रखूंगा और इंडियन हॉकी को कामयाबी के सबसे ऊंचे लेवल पर ले जाने की उनकी कोशिशों को सपोर्ट करता रहूंगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रदर्शन पिछले एक साल में काफी ज्यादा निराशाजनक रहा है। एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में भारतीय टीम ने 16 मैचों में से सिर्फ दो में जीत दर्ज कर पाई थी और अगले सत्र के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही।

# त्रिशा-गायत्री ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 का खिताब जीता

**एजेंसी/नई दिल्ली**

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के विमेंस डब्ल्स का खिताब जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल फाइनल में जापानी जोड़ी को हराया टाइटल डिफेंड किया। वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें नंबर की इस भारतीय जोड़ी ने लखनऊ के बाबू बनारसी दास इनडोर स्टेडियम में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को 17-21, 21-13, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 16 मिनट तक चला। वहीं, पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत को मेंस सिंगल्स फाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावान के खिलाफ 16-21, 8-21, 22-10 से हार मिली। पहले गेम में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद इंटरवल तक 11-9 से पीछे थीं और अपना पहला गेम हार गईं। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन जोड़ी दूसरे गेम में वापसी करने में सफल रही। इंटरवल पर वे 11-5 से आगे थीं और मैच को तीसरे गेम में ले जाने में सफल रहीं। इसके बाद इस भारतीय जोड़ी ने निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11-5 की बढ़त लेने के बाद मैच जीतकर लगातार दूसरी बार सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब अपने नाम कर लिया। किदांबी श्रीकांत पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वर्ल्ड नंबर-59 जेसन गुणावान पर दबदबा बनाते हुए मैच तीसरे गेम तक ले गए। तीसरे गेम में श्रीकांत ने मैच प्वाइंट बचाया और टाई-ब्रेक तक



मुकाबला ले गए, लेकिन आखिर में हार गए। जेसन गुणावान के खिलाफ यह किदांबी श्रीकांत की तीन मैचों में पहली हार थी। श्रीकांत ने इससे पहले 2016 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीता था।

# लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद: बने को-लीडर, विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।प्रज्ञानंद ने दिन की शुरूआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में



प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ए'ङ्क अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को विश्व कप 2025 के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रैंकिंग में गिरावट का सामना करना पड़ा और वह अब टॉप-10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वर्तमान में विश्व के टॉप 30 खिलाड़ियों में केवल पांच भारतीय शामिल हैं। पेंटाला हरिकृष्णा ने विश्व कप में अपने करियर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए 3 ए'ङ्क अंक जोड़े। वहीं प्रणव वेंकटेश ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग बरकरार रखी। महिला वर्ग में चार भारतीय खिलाड़ी टॉप-20 में बनी हुई हैं। हंपी कोनेरू बिना कोई मैच खेले ही विश्व नंबर 5 पर पहुंच गई हैं। वहीं दिव्या देशमुख रेटिंग में गिरावट के साथ विश्व नंबर 12 पर खिसक गई हैं। पद्मिनी राउत और सविता श्री बी ने सकारात्मक प्रदर्शन करते हुए ए'ङ्क अंक हासिल किए हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए नवंबर 2025 चुनौतीपूर्ण रहा। विश्व कप 2025 में कई बड़े खिलाड़ियों को शुरूआती दौर में हार झेलनी पड़ी। एरिगैसी शानदार लय में थे, लेकिन क्वार्टरफाइनल में टाईब्रेक में चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी से हारकर बाहर हुए। पेंटाला हरिकृष्णा की शानदार रन भी अंत में मेक्सिको के ग्रैंडमास्टर होसे एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांतरा ने रोक दी। निखिल सिंह और अश्विनी जाधव ने नौवीं अडानी अहमदाबाद मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग की ओपन स्पर्धा जीतीं। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 24,000 धावकों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में धर्मेंद्र और फरहीन फिरदौस ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की। 10 किमी ओपन मैराथन में राजन यादव और नीता रानी विजेता रहीं। इस मैराथन की कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपये से अधिक थी। इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता हासिल है और यह एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (एआईएमएस) की वैश्विक मैराथन प्रतियोगिता में सूचीबद्ध है।

# भारत अंडर17 फुटबॉल टीम ने ईरान को 2-1 से हराया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत ने अहमदाबाद के ईकेए एरेना में ईरान को 2-1 से हराकर ग्रुप ऊ के अंतिम मैच में शानदार जीत दर्ज की और अऋ्र व17 एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपनी 10वीं उपस्थिति सुनिश्चित कर ली है। उएमैच से पहले ईरान मजबूत दावेदार माना जा रहा था। उसके पास सात अंक थे और उसे सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी। दूसरी ओर, भारत के पास चार अंक थे और उसे ग्रुप से निकलने के लिए हर हाल में जीत चाहिए थी।19वें मिनट में ईरान के अमीरेजा वैलीपुर ने गोल कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी हार नहीं मानी।हाफ टाइम से ठीक पहले, अतिरिक्त समय (45+1 मिनट) में मिली पेनल्टी पर दलालमूअन गंगटे ने गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरूआत से ही भारत ने तेज और आक्रामक फुटबॉल दिखाया।



52वें मिनट में ईरान के डिफेंडर की गलती का फायदा उठाते हुए गुनलेबा वांगखैराक्पम ने शानदार गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी।इसके बाद ईरान ने बराबरी के लिए पूरा दम लगा दिया। फ्री-किक, क्रॉस और लगातार हमलों से गोल बनाने की कोशिश की, लेकिन गोलकीपर राजरूप सरकार और भारतीय डिफेंस मजबूत दीवार बनकर खड़े रहे। सरकार ने कई अहम सेव करते हुए टीम की बढ़त को कायम रखा।अंतिम मिनटों में ईरान ने दबाव बढ़ायाअंतिम मिनटों में ईरान ने दबाव और बढ़ाया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी संयमित रहे और समझदारी से खेलते रहे। आखिरकार, जब अंतिम सीटी बजी, भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की हो चुकी थी। यह जीत हिम्मत, विश्वास और शानदार टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण बन गई।